दैनिक भारत कि

# तामीर

संपादक - काझी मकदूम शफीउद्दीन hinditameer@gmail.com

Editor in chief- Qazi makhdoom shafiuddin

बीड (महाराष्ट्र) | वर्ष-२ ला | अंक-९८ वा | बुधवार १८ फ़रवरी २०२६ | RNI TITLE CODE:MAHHIN11405/120/1/3/2024 | किमत : २ रुपये | पन्ने - ४

# दादा के विमान हादसे की जांच सीबीआय को सौंपे: राष्ट्रवादीका मुख्यमंत्री को सौंपा ज्ञापन

**जमीर काझी**

**मुंबई, : उपमुख्यमंत्री अजित पवार के विमान हास्य के बारे मे उनके भतीजे और राष्ट्रवादी काँग्रेस शरद पवार गुटके विधायक रोहित पवार इन्होने सबूत के साथ उपस्थित किये हुए सवाल और उन्हे मिल रहे प्रतिसाद को नजर रखते हुये अब अजितदादा की पार्टी भी इस मामले मे गंभीर हो गई है! उनके वरिष्ठ नेता के शिष्टमंडलने मंगलवार को विमान हादसे की जांच केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआय) से करने की मांग करते हुए मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस को ज्ञापन सौंपा! एनसीपी के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष और खा. प्रफुल्ल पटेल, उपमुख्यमंत्री सुनेत्रा पवार, सुनील तटकरे, वरिष्ठ मंत्री हसन मुश्रीफ तथा युवा नेता पार्थ पवार ने मुख्यमंत्री फडणवीस से मुलाकात की।**

इस बीच, फडणवीस ने आश्वासन दिया कि राज्य सरकार कल यानी बुधवार को इस संबंध में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को पत्र लिखेगी और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी की जांच की मांग को ध्यान में रखते हुए आवश्यक कदम उठाएगी। फडणवीस ने कहा कि राज्य सरकार इस मामले में औपचारिक रूप से अपना पक्ष केंद्र को भेजेगी और आवश्यक कार्रवाई शुरू करेगी, यह जानकारी सुनील तटकरे ने दी।

ज्ञापन(मेमोरेंडम) में कहा गया है कि कई दर्ज तथ्यों से गंभीर चिंताएं उत्पन्न होती हैं और विस्तृत जांच आवश्यक है, जिनमें शामिल हैं:

उड़ान दल की संरचना में अंतिम समय में किए गए बदलाव, जिनके लिए



परिचालन संबंधी निर्णय प्रक्रिया और अनुमति की जांच आवश्यक है;

एयर ट्रैफिक कंट्रोल संवाद और रनवे क्लियरेंस क्रम में संभावित विसंगतियां; महत्वपूर्ण ऑनबोर्ड सुरक्षा चेतावनी प्रणालियों की कार्यप्रणाली और विश्वसनीयता को लेकर चिंताएं; लैंडिंग चरण के निकट होने के बावजूद किसी भी संकट संदेश (डिस्ट्रेस कॉल) का रिकॉर्ड न होना;

चालक दल की फिटनेस, मेंटेनेंस मानक, नियामकीय अनुपालन और विमान प्रणालियों सहित अन्य पहलुओं की विस्तृत फॉरेंसिक जांच की आवश्यकता।

हादसे के दिन संबंधित विभाग के केंद्रीय मंत्री नायडू और मुरलीधर मोहोल मौजूद थे। पूर्व में ऐसे मामलों में स्वतंत्र एजेंसियां नियुक्त की गई थीं और उन्होंने जांच शुरू करने की घोषणा की थी। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस पहले ही सीआईडी जांच के आदेश दे चुके हैं। हालांकि, स्वतंत्र एजेंसियों द्वारा जांच जारी होने के बावजूद, उइख जांच से अधिक व्यापक और निष्पक्ष जांच सुनिश्चित हो सकती है। यह भी कहा गया कि ऐसे विमान हादसों में विदेशी एजेंसियां भी समानांतर जांच करती हैं। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी ने सभी मुद्दों की गहन जांच कर निष्कर्षों को जल्द से जल्द राज्य ही नहीं बल्कि पूरे देश के सामने प्रस्तुत करने की मांग की है, सुनील तटकरे ने स्पष्ट किया।

हाल ही में संपन्न जिला परिषद और पंचायत समिति चुनावों के संदर्भ में तटकरे ने कहा कि उन्होंने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष रवींद्र चव्हाण के साथ महायुति गठबंधन की आगे की रणनीति पर ▸▸पान ४ पे

## सऊदी अरब में रमज़ान का चाँद दिखाई दिया, कल पहला रोज़ा

रियाज , एजेंसी

सऊदी अरब में रमज़ान उल मुबारक



का चाँद दिखाई देने की आधिकारिक घोषणा कर दी गई है। इसके साथ ही यह तय हो गया है कि कल से रमज़ान का पहला रोज़ा रखा जाएगा।

चाँद दिखाई देने की पुष्टि संबंधित धार्मिक प्राधिकरणों द्वारा की गई, जिसके बाद देशभर में मस्जिदों और आधिकारिक माध्यमों से ऐलान किया गया। रमज़ान के पवित्र महीने की शुरुआत के साथ ही मुसलमान रोज़ा, नमाज़ और इबादतों का विशेष एहतमाम करेंगे।

## महाराष्ट्र : ७५ माइनॉरिटी स्टेटस प्रमाणपत्रों पर एसआईटी जांच शुरू, डिजिटल हस्ताक्षरों की होगी सत्यता जांच

मुंबई : संवाददाता

महाराष्ट्र में अजित पवार की मृत्यु के तुरंत बाद जारी किए गए ७५ माइनॉरिटी स्टेटस प्रमाणपत्रों के मामले में अब विशेष जांच दल (एसआईटी) ने जांच शुरू कर दी है। महाराष्ट्र राज्य अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष प्यारे खान ने बताया है कि ६ से ७ हजार लोगों की संभावित भूमिका की जांच की जा रही है, जिनमें कुछ बाहरी तत्व भी शामिल हो सकते हैं। डिजिटल हस्ताक्षरों की सत्यता की भी जांच की जाएगी।

यह पूरा मामला तब सामने आया जब मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने १६ फरवरी २०२६ को इन ७५ प्रमाणपत्रों पर तत्काल रोक लगाते हुए उच्चस्तरीय जांच के आदेश दिए। आरोप है कि २८ जनवरी से २ फरवरी २०२६ के बीच, राज्य में शोक अवधि के दौरान, अल्पसंख्यक विकास विभाग द्वारा ७५ शैक्षणिक संस्थानों को माइनॉरिटी स्टेटस प्रमाणपत्र जारी किए गए।

पहला प्रमाणपत्र २८ जनवरी को दोपहर ३:०९ बजे जारी किया गया था, जो पूर्व उपमुख्यमंत्री अजित पवार के निधन का दिन था। संबंधित फाइलें लंबे समय से लंबित थीं, लेकिन अचानक तेजी से मंजूरी दी गई। आरोप यह भी है कि अजित पवार के डिजिटल हस्ताक्षरों का उपयोग उनके निधन के बाद किया गया, जो फर्जी हो सकते हैं।

मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया है कि जांच पूरी होने तक सभी मंजूरियां, अनुदान और प्रमाणन प्रक्रियाएं स्थगित रहेंगी। यदि किसी भी प्रकार की अनियमितता या भ्रष्टाचार सामने आता है तो संबंधित अधिकारियों और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

विपक्ष ने इस मामले को बड़ा घोटाला बताते हुए आरोप लगाया है कि प्रत्येक प्रमाणपत्र के लिए २५ लाख रुपये तक की रिश्वत ली गई। वहीं सरकार का कहना है कि निष्पक्ष जांच के बाद ही सच्चाई सामने आएगी।

फिलहाल इस मामले ने राज्य की राजनीति को गरमा दिया है और एसआईटी जांच की रिपोर्ट का इंतजार किया जा रहा है।

## लड़की से छेड़छाड़ करने वाले से सवाल पूछने पर चाकू से हमला

### बीड शहर के बलभीम कॉलेज परिसर की घटना से सनसनी

बीड (प्रतिनिधि) :

बीड शहर के माले गली निवासी शाम पुरुषोत्तम जमदाडे (उम्र ४९ वर्ष) पर तीन लोगों द्वारा चाकू से



हमला कर बेरहमी से मारपीट किए जाने की चौंकाने वाली घटना मंगलवार (१७ फरवरी) को दोपहर लगभग चार बजे बलभीम कॉलेज से मिलिया कॉलेज के बीच वाली गली में घटी। इस घटना से शहर में सनसनी फैल गई है।

प्राथमिक जानकारी के अनुसार, जमदाडे की बेटी को क्षेत्र के एक युवक द्वारा बार-बार फोन कर परेशान किया जा रहा था। कुछ महीने पहले भी संबंधित युवक के खिलाफ शहर पुलिस थाने में शिकायत दर्ज कराई गई थी, लेकिन बताया जाता है कि वह मामला आपसी समझौते से निपटा लिया गया था। इसके बावजूद युवक ने फिर से लड़की को परेशान करना जारी रखा।

इसी पृष्ठभूमि में जब शाम पुरुषोत्तम जमदाडे ने उस युवक से जवाब-तलब किया, तो उसने जमदाडे पर चाकू से हमला कर मारपीट की। इस हमले में जमदाडे गंभीर रूप से घायल हो गए हैं और वर्तमान में बीड के सरकारी अस्पताल में उनका इलाज चल रहा है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई और आगे की जांच शुरू कर दी गई है। सूत्रों के अनुसार, संबंधित आरोपी की तलाश जारी है। ▸▸पान ४ पे

## बेंगलुरु में 'पीस फाउंडेशन' की स्थापना, डॉ.अरशद शेख ने पेश किया २५ वर्षों का रोडमैप





बेंगलुरु : संवाददाता

कर्नाटक में 'पीस फाउंडेशन' की स्थापना का कार्यक्रम बेंगलुरु के बेयरीज़ एमिटी सभागार में प्रतिष्ठित बुद्धिजीवियों की उपस्थिति में संपन्न हुआ।

पीस फाउंडेशन के अध्यक्ष, आर्किटेक्चर में पीएचडी तथा समाज सुधारक डॉ. अरशद शेख ने अपने उद्घाटन भाषण में समुदाय के लिए आगामी २५ वर्षों का विस्तृत रोडमैप प्रस्तुत किया। इसके पश्चात उनकी १५ वर्षों के शोध पर आधारित पुस्तक "Islam - The Ultimate -rt of Living' का सौम्य विमोचन (सॉफ्ट लॉन्च) किया गया। इस पुस्तक का उद्देश्य इस्लाम के बारे में फैली भ्रांतियों और गलत प्रस्तुतियों को दूर कर उसे उसके वास्तविक स्वरूप में प्रस्तुत करना है।

यह पुस्तक मूल रूप से मराठी भाषा में लिखी गई है और महाराष्ट्र में इसकी हजारों प्रतियां प्रसारित हो चुकी हैं। विशेष रूप से अन्य समुदायों द्वारा भी इसे सराहना प्राप्त हुई है। आज बेंगलुरु में व्याख्यान के बाद इसका अंग्रेजी संस्करण जारी किया गया।

पीस फाउंडेशन का मूल उद्देश्य शांति की स्थापना, सांप्रदायिक सद्भाव और सामाजिक उत्थान को बढ़ावा देना है। महाराष्ट्र में एक शुद्ध सामाजिक संगठन के रूप में कार्यरत यह संस्था अब बेंगलुरु में एक शोध एवं डेटा केंद्र स्थापित करने का प्रस्ताव रखती है। इसका उद्देश्य समुदाय की सामाजिक-आर्थिक स्थिति का गहन अध्ययन कर वर्ष २०५० तक सभी क्षेत्रों में समान और अनुपातिक भागीदारी के लिए ठोस रूपरेखा तैयार करना है। ▸▸पान ४ पे

## अपघात की जांच प्रक्रिया पर संदेह-रोहित पवार

### कथित घोटाला मामले में ईडी कोर्ट में पेशी

मुंबई : संवाददाता

उपमुख्यमंत्री अजित दादा की कीमत आम नागरिकों को समझ में आ गई है, लेकिन जांच एजेंसियों को अब तक समझ में नहीं आई है। दुर्भाग्यपूर्ण अपघात को २० दिन हो चुके हैं, फिर भी जांच में तेजी नहीं आई है। यह आरोप राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरद पवार गुट) के नेता तथा अजित पवार के भतीजे विधायक रोहित पवार ने मंगलवार को पत्रकारों से बातचीत के दौरान लगाया।



ईडी द्वारा दर्ज मामले में सुनवाई के लिए वे ईडी के विशेष न्यायालय में उपस्थित हुए थे। इसके बाद पत्रकारों से बात करते हुए उन्होंने कहा कि इस प्रकरण में अजित दादा सहित उनके दल के कई नेताओं पर आरोप लगाए गए हैं। मुंबई की आर्थिक अपराध शाखा ने उन्हें क्लीन चिट दी है, लेकिन ईडी ने आगे की जांच आवश्यक बताई है। उन्होंने आरोप लगाया कि ईडी दिल्ली से मिले निर्देशों के अनुसार काम कर रही है। हम कानून के माध्यम से अपनी निर्दोषता सिद्ध करेंगे और सड़क पर भी संघर्ष जारी रखेंगे। लेकिन जो सत्ता में हैं, उनकी पीड़ा अभी समाप्त नहीं हुई है, यह उन्हें याद रखना चाहिए, ऐसा उन्होंने तंज कसते हुए कहा।

विमान दुर्घटना की जांच में हो रही देरी पर नाराजगी व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा, क्या केवल वीएसआर कंपनी को सबूत नष्ट करने का मौका देने के लिए देरी की जा रही है? क्या कंपनी को किसी का संरक्षण प्राप्त है? यह सवाल आम नागरिकों के मन में उठ रहा है। आज ब्लैक बॉक्स के खराब होने की जो जानकारी सामने आ रही है, उससे पांच दिन पहले मैंने जो आशंका जताई थी, वह सही साबित होती दिखाई दे रही है। लेकिन हम 'दादा' का यह अपघात था या घात (साजिश), इसका जवाब पाए बिना शांत नहीं बैठेंगे। हमारे लिए विलय से अधिक महत्वपूर्ण दादा की मृत्यु की सच्चाई सामने लाना है।

पत्रकार सम्मेलन में आज फिर बड़ा खुलासा? रोहित पवार ने पिछले सप्ताह अपघात के संबंध में पत्रकार सम्मेलन कर सबूतों के साथ प्रस्तुति दी थी। बुधवार सुबह साढ़े दस बजे वे यशवंतराव चव्हाण प्रतिष्ठान में फिर से पत्रकार सम्मेलन कर महत्वपूर्ण जानकारी प्रस्तुत करेंगे। जांच के संदर्भ में वे अब कौन सा नया 'बम' फोड़ते हैं, इस पर सबकी नजरें टिकी हुई हैं।

# मुंबई क्लाइमेट वीक में पर्यावरण मंत्री पंकजा मुंडेने दिया कार्यान्वयन-प्रधान संघर्ष का संदेश

## जलवायु कार्रवाई के लिए युवाओं की भागीदारी विशेष रूप से महत्वपूर्ण-पंकजा मुंडे




मुंबई, १७ फरवरी - जलवायु कार्रवाई के लिए सरकार, शहरी संस्थाएं और नागरिकों की साझेदारी आवश्यक है, तथा युवाओं की भागीदारी विशेष रूप से महत्वपूर्ण है। सामुदायिक जागरूकता, जलवायु साक्षरता और युवा पहलों के माध्यम से सतत महाराष्ट्र का निर्माण करने का प्रयास जारी है, यह बात राज्य की पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग की मंत्री पंकजा मुंडे ने आज यहां कही।

मुंबई क्लाइमेट वीक का उद्घाटन मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के हाथों आज जियो वर्ल्ड कन्वेंशन सेंटर में हुआ। इस अवसर पर प्रमुख अतिथि के रूप में राज्य की पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग की मंत्री पंकजा मुंडे ने उपस्थित लोगों को संबोधित किया। केंद्रीय नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री प्रल्हाद जोशी, प्रोजेक्ट मुंबई के संस्थापक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी शिशिर जोशी, पर्यावरण विभाग की सचिव जयश्री भोज, मुंबई की महापौर रितू तावडे, एमएमआरडीए के महानगर आयुक्त संजय मुखर्जी, संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम के जलवायु परिवर्तन प्रभाग के निदेशक मार्टिन क्रुसे आदि मान्यवर उपस्थित थे।

विभिन्न देशों के प्रतिनिधि मुंबई क्लाइमेट वीक के मंच पर एक साथ आ रहे हैं, और वैश्विक सहयोग तथा व्यावहारिक साझेदारी से ही जलवायु कार्रवाई सफल होगी। भावी पीढ़ियों के लिए स्वच्छ और सुरक्षित पर्यावरण का निर्माण करना हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है, यह बात श्रीमती मुंडे ने जोर देकर कही। जलवायु परिवर्तन के खिलाफ संघर्ष अब केवल चर्चा तक सीमित नहीं रहा, बल्कि यह प्रत्यक्ष कार्यान्वयन के चरण में पहुंच गया है, उन्होंने स्पष्ट किया। विश्व भर के शहरों ने जलवायु कार्रवाई की जिम्मेदारी स्वीकार की है, और भारत की ओर से इस वैश्विक आंदोलन में मुंबई क्लाइमेट वीक एक ठोस एवं कार्यान्वयन-प्रधान योगदान है, यह भी उन्होंने बताया।

पूरी दुनिया एक परिवार है - हमारी संस्कृति की यह भावना जलवायु कार्रवाई को सभी की सामूहिक जिम्मेदारी के रूप में रेखांकित करती है। एक क्षेत्र पर पड़ने वाला प्रभाव अंततः सभी पर पड़ता है। महाराष्ट्र और विशेष रूप से मुंबई के सामने मौजूद जलवायु चुनौतियों को गंभीरता से लेना आवश्यक है। बढ़ता शहरी तापमान, अत्यधिक वर्षा, बाढ़ की स्थिति, तटीय क्षेत्रों पर दबाव और वायु गुणवत्ता पर प्रभाव - ये गंभीर मुद्दे हैं। ग्रामीण महाराष्ट्र में भी अप्रत्याशित सूखा और बाढ़ का प्रकोप पड़ रहा है। इस पृष्ठभूमि में मुंबई क्लाइमेट वीक की अवधारणा केवल चर्चा के लिए नहीं, बल्कि प्रत्यक्ष कार्यान्वयन और वित्तीय संसाधनों के मार्गों को गति देने के लिए है। सभी को इस मंच की चर्चाओं में सक्रिय भागीदारी दर्ज कर व्यावहारिक समाधान सुझाने चाहिए, यह अपील श्रीमती मुंडे ने की। महाराष्ट्र औद्योगिकीकरण, शहरीकरण और विकास की अग्रिम पंक्ति में है, ऐसे में जलवायु प्रतिरोधक क्षमता, आर्थिक विकास और सामाजिक समावेशन का समन्वय करने वाली जलवायु-संवेदनशील विकास की दिशा अपनाई जा रही है, यह बात मंत्री श्रीमती मुंडे ने कही। ऊर्जा, नागरिक विकास, जल और आधारभूत ढांचे जैसे सभी क्षेत्रों में सततता को केंद्र में रखकर कार्यान्वयन-प्रधान नीतियां लागू की जा रही हैं। सार्वजनिक आधारभूत ढांचे में नवीकरणीय ऊर्जा और ऊर्जा दक्षता का विस्तार, शहर नियोजन में जलवायु जोखिमों का समावेश तथा विभागवार सतत नियोजन पर जोर दिया जा रहा है, यह उन्होंने बताया।

चुनौतियों का दायरा बड़ा होने के कारण मजबूत साझेदारी और नवाचार अधिक आवश्यक हैं। जलवायु-संवेदनशील नियोजन और प्रतिरोधक आधारभूत ढांचा राज्य एवं देश भर में मानक पद्धति बने, यह सरकार का उद्देश्य है, उन्होंने कहा।

इस सम्मेलन में एशिया, अफ्रीका और लैटिन अमेरिका के शहरों सहित ३० से अधिक देशों के प्रतिनिधि शामिल हुए हैं। पहले से विभिन्न देशों के प्रतिनिधियों के साथ हुए संवाद से समान पर्यावरणीय चिंताओं और समाधानों पर चर्चा हुई है, यह उन्होंने उल्लेख किया। जलवायु कार्रवाई सफल होने के लिए सभी को एक ही दिशा में सोचकर भावी पीढ़ियों के लिए स्वच्छ और हरित पर्यावरण का निर्माण करने का सामूहिक लक्ष्य रखना चाहिए, यह अपील उन्होंने की। जिम्मेदारी की भावना ही भविष्य का निर्माण करती है, ऐसा कहते हुए आने वाले दिनों में ठोस परिणाम, टिकाऊ साझेदारी और मापने योग्य जलवायु प्रगति हासिल करने की अपेक्षा श्रीमती मुंडे ने व्यक्त की। भावी पीढ़ियों के लिए स्वच्छ और सुरक्षित पर्यावरण का निर्माण करने के लिए सभी को संयुक्त प्रयास करने चाहिए, यह आवाहन भी उन्होंने किया।

# खराब ब्लैक बॉक्स के डेटा के लिए एएआईबी लेगा अमेरिका की मदद

## अजित पवार विमान हादसा या साजिश?

रिपोर्ट : जमीर काज़ी

मुंबई :

उपमुख्यमंत्री अजित पवार के विमान हादसे को लेकर यह दावा खुलकर सामने आ रहा है कि यह दुर्घटना जानबूझकर कराई गई हो सकती है। इसी बीच ब्लैक बॉक्स के जल जाने से महत्वपूर्ण सबूत नष्ट होने की बात कही जा रही है, जिससे संदेह और गहरा हो गया है। विमान दुर्घटना जांच ब्यूरो (एएआईबी) ने मंगलवार को बताया कि ब्लैक बॉक्स से साक्ष्य प्राप्त करने के लिए अमेरिका की जांच एजेंसी की मदद ली जाएगी।

२८ जनवरी को बारामती के पास दुर्घटनाग्रस्त हुए लिअरजेट ४५ विमान के कॉकपिट वॉयस रिकॉर्डर (सीवीआर) से डेटा प्राप्त करने के लिए विशेष सहायता मांगी गई है।

एएआईबी ने बताया कि इस हादसे की विस्तृत और व्यापक जांच 'एयरक्राफ्ट एक्सीडेंट एंड इंसीडेंट इन्वेस्टिगेशन रूल्स, २०१७' तथा आईसीएओ के अनुलग्नक-१३ के तहत निर्धारित अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुसार की जा रही है।

वीएसआर वेंचर्स के स्वामित्व वाले इस विमान के भीषण हादसे में अजित पवार सहित चार अन्य लोगों की मृत्यु हो गई थी। एएआईबी ने अपने आधिकारिक बयान में कहा कि विमान में दो स्वतंत्र फ्लाइट रिकॉर्डर मौजूद थे। दुर्घटना के दौरान दोनों रिकॉर्डर (ब्लैक बॉक्स) लंबे समय तक तीव्र गर्मी के संपर्क में रहे और आग की वजह से उन्हें नुकसान पहुंचा है।

एएआईबी के अनुसार, एल३-कम्युनिकेशन्स द्वारा निर्मित डिजिटल फ्लाइट डेटा रिकॉर्डर (डीएफडीआर) का डेटा उनकी फ्लाइट रिकॉर्डर प्रयोगशाला में सफलतापूर्वक डाउनलोड कर लिया गया है।

वहीं हनीवेल द्वारा निर्मित कॉकपिट वॉयस रिकॉर्डर (सीवीआर) की विस्तृत तकनीकी जांच जारी है। डेटा प्राप्त करने के लिए संबंधित कंपनी की सहायता आवश्यक होगी। इसके लिए अधिकृत प्रतिनिधि से संपर्क किया गया है। चूंकि यह उपकरण अमेरिका स्थित कंपनी द्वारा निर्मित है, इसलिए वहां की एजेंसी से सहयोग मांगा गया है।

एएआईबी ने इस दुर्घटना के संबंध में सभी पक्षों से अपील की है कि वे बिना पूरी जांच के किसी निष्कर्ष पर न पहुंचें।

# डॉ. भारतभूषण क्षीरसागर के जन्मदिन पर जिला स्तरीय गणितीय ज्ञान प्रतियोगिता-२०२६ उत्साहपूर्वक संपन्न



बीड :

सौ. के.एस.के. महाविद्यालय के गणित विभाग द्वारा दिनांक १७ फरवरी २०२६ को नवगण शिक्षण संस्था के उपाध्यक्ष तथा पूर्व नगराध्यक्ष डॉ. भारतभूषण क्षीरसागर के जन्मदिन के अवसर पर जिला स्तरीय गणितीय ज्ञान प्रतियोगिता-२०२६ (Mathematical Knowledge Test-2026) का आयोजन किया गया।

इस प्रतियोगिता में जिले के विभिन्न महाविद्यालयों से गणित विषय के कुल ४७ विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। विद्यार्थियों में गणित विषय के प्रति रुचि उत्पन्न करना, उनकी तर्कशक्ति एवं समस्या समाधान क्षमता को प्रोत्साहित करना तथा शैक्षणिक प्रतिस्पर्धा के माध्यम से गणितीय ज्ञान का विकास करना इस प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य था।

प्रतियोगिता का आयोजन संस्था के सचिव डॉ. योगेश क्षीरसागर, सहसचिव डॉ. दीपाताई क्षीरसागर एवं संचालक डॉ. सारिकाताई क्षीरसागर की प्रेरणा से तथा प्रशासनिक अधिकारी डॉ. विश्वंभर देशमाने और डॉ. सुधाकर गुट्टे के मार्गदर्शन में किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. शिवानंद क्षीरसागर ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि गणित केवल अध्ययन का विषय नहीं, बल्कि तार्किक चिंतन विकसित करने का प्रभावी माध्यम है। ऐसी प्रतियोगिताओं से विद्यार्थियों का आत्मविश्वास बढ़ता है, अवधारणाएं अधिक स्पष्ट होती हैं और भविष्य की प्रतियोगी परीक्षाओं तथा अनुसंधान के लिए प्रेरणा मिलती है।

कार्यक्रम में उपप्राचार्य डॉ. संजय पाटील, डॉ. अनिता शिंदे, स्नातकोत्तर विभाग के संचालक डॉ. ए.एस. खान, कनिष्ठ महाविद्यालय के उपप्राचार्य डॉ. नारायण काकडे तथा पर्यवेक्षक जालिंदर कोळेकर उपस्थित रहे।

प्रतियोगिता को सफल बनाने के लिए गणित विभागाध्यक्ष डॉ. शंकर राऊत के साथ डॉ. पद्माकर ससाने, उमेश बोबडे और वैशाली काशीद ने विशेष परिश्रम किए।

**पान १ वरून**

**दादा के विमान हादसे की...**

चर्चा की।तटकरे ने कहा कि एनडीए में भाजपा प्रमुख दल है और उसी भावना के साथ सहयोगी दलों के सम्मान को ध्यान में रखते हुए चर्चा की गई। मुख्यमंत्री फडणवीस से मुलाकात के बाद भाजपा प्रदेश अध्यक्ष रवींद्र चव्हाण भी चर्चा के लिए राज्य कार्यालय पहुंचे। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि सोमवार की पार्टी बैठक में विधायकों के बीच किसी कथित असंतोष पर कोई चर्चा नहीं हुई और ऐसी खबरों को उन्होंने महज अटकलें बताया। तटकरे ने कहा कि विधायक दल और राज्य इकाई के कामकाज पर विश्वास व्यक्त किया गया।

--------

**लड़की से छेड़छाड़ करने वाले ...**

इस बीच बीड शहर में बढ़ती मारपीट, हत्या और गंभीर अपराधों की घटनाओं के कारण कानून-व्यवस्था का मुद्दा गंभीर बन गया है। नागरिकों के बीच चर्चा है कि पुलिस प्रशासन का भय कम होने से ऐसी घटनाएं बढ़ रही हैं। शहर में कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए असामाजिक तत्वों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की मांग नागरिकों द्वारा की जा रही है।

--------

**बेंगलुरु में 'पीस फाउंडेशन' की...**

कार्यक्रम में सैयद शफीउल्लाह साहब, डॉ. जावेद हुसैन, प्रो. इनायतुल्ला, सुलेमान खान, एस. एस. अफसर खदरी, जी. एम. काजी तथा मुजाहिद खतीब उपस्थित रहे।

इस अवसर पर कर्नाटक के लिए एक अस्थायी (एड-हॉक) समिति की घोषणा की गई, जिसके अध्यक्ष माननीय एस. एस. अफसर खदरी साहब नियुक्त किए गए। उनके साथ पांच सदस्यीय समिति में डॉ. जावेद हुसैन, एन. ए. अफजल, प्रो. इनायतुल्ला, जफर मोहिउद्दीन और नाहीन पाशा शामिल हैं।

--------

# आज गेवराई के सांस्कृतिक कार्यक्रम में उपस्थित रहूंगी : नगराध्यक्ष गीताभाभी पवार

गेवराई काजी अमान

गेवराई नगर परिषद द्वारा आयोजित 'गेवराई महोत्सव २०२६' के अंतर्गत सांस्कृतिक महोत्सव कार्यक्रम पुनः प्रारंभ किया जा रहा है। यह सांस्कृतिक महोत्सव दिनांक १८ फरवरी २०२६ (बुधवार) को दोपहर ४:०० बजे शहर के भगवती टॉकीज परिसर के मैदान में आयोजित किया जाएगा।



इस अवसर पर नगराध्यक्ष सौ. गीताभाभी बालराजे पवार ने नागरिकों से कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित रहने की अपील की है।

नगर परिषद की ओर से आयोजित इस कार्यक्रम में गेवराई शहर की विभिन्न स्कूलों के विद्यार्थी बड़ी संख्या में भाग लेंगे। भगवती टॉकीज परिसर में आयोजित इस कार्यक्रम के दौरान सांस्कृतिक प्रतियोगिताएं भी आयोजित की जाएंगी।

नगराध्यक्ष गीताभाभी पवार तथा नगर परिषद के मुख्याधिकारी विक्रम मांडुरके ने नागरिकों से इस सांस्कृतिक महोत्सव में उपस्थित होकर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाने का आग्रह किया है।







दैनिक भारत की तामीर अखबार के मालिक, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक काजी मखदूम शफीउद्दीन ने आरएम प्रिंटरर्स, बार्शी रोड, बीड 431122 महाराष्ट्र में मुद्रित कर के दैनिक तामीर, नगर परिषद परिसर, बशीर गंज, बीड, महाराष्ट्र कार्यालय से प्रकाशित किया है। मोबाइल : 9270574444 ईमेल : hinditameer@gmail.com वेबसाइट : www.dailytameer.com

daily Bharat ki tameer newspaper owner printer publisher editor Quazi makhdoom shafiuddin has printed at RM printers barshi road beed 431122 Maharashtra at published at office daily tameer nagar parishad complex Bashir gunj beed Maharashtra. Mobile : 9270574444 Email : hinditameer@gmail.com Website : www.dailytameer.com